संख्या–**cm-120**
**05/03/2026**

# राज्यसभा चुनाव के लिए एन0डी0ए0 प्रत्याशी के रूप में श्री नीतीश कुमार, श्री रामनाथ ठाकुर, श्री नितिन नवीन, श्री शिवेश कुमार एवं श्री उपेन्द्र कुशवाहा ने किया नामांकन

पटना, 05 मार्च 2026 :– राज्यसभा चुनाव के लिए एन0डी0ए0 प्रत्याशी के रूप में जदयू से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री रामनाथ ठाकुर तथा भाजपा की ओर से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन, श्री शिवेश कुमार एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष श्री उपेन्द्र कुशवाहा ने नामांकन किया।

नामांकन के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय मंत्री श्री जीतनराम मांझी, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा, लोजपा (रामविलास) के सांसद श्री अरूण भारती सहित बिहार सरकार के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

******